1224
26/10/22

बिहार सरकार
बिहार कौशल विकास मिशन
श्रम संसाधन विभाग।

आदेश

राज्य सरकार के 07 निश्चयों में एक "आर्थिक हल, युवाओं को बल" के अधीन Kushal Yuva Programme कार्यक्रम के संचालन हेतु कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों के पंजीकरण की प्रकिया जुलाई–2016 में प्रारम्भ की गई, जिसके आधार पर प्रशिक्षण प्रदाता एजेन्सी Care Education and Welfare Society के द्वारा भागलपुर जिला में प्रखंड–गोपालपुर KYP01010027, एवं प्रखंड– नाथनगर KYP01010028 में प्रखंड कौशल विकास केन्द्र संचालित किये जाने हेतु केन्द्र का पंजीकरण किया गया। पंजीकरण के आधार पर इस केन्द्र को बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा अनुमोदित किया गया तथा उपरोक्त KYP Code आवंटित किया गया।

कालान्तर में त्रिपुरारी सिंह, पिता–श्री लक्ष्मी चौधरी प्रतिनिधि TNV Institute of Higher Education(SDM Foundation Trust) रोड न0–14 हाउस न0–24 इन्द्रपुरी केसरीनगर पटना जिला–पटना के द्वारा बिहार कौशल विकास मिशन को एक आवेदन समर्पित किया गया, जिसमें उनके द्वारा उल्लेख किया गया कि निदेशक, Care Education and Welfare Society द्वारा KYP केन्द्र के सफलतापूर्वक संचालन हेतु उनके साथ 30:70% प्रति माह के हिसाब से द्वितीय पक्ष को देना होगा, के आधार पर समझौता किया गया है। सेन्टर का सारा खर्च द्वितीय पक्ष स्वंय करेंगे। इससे संबंधित हस्ताक्षरित एकरारनामा की प्रति आवेदन के साथ संलग्न की गयी है।

त्रिपुरारी सिंह से प्राप्त आवेदन के आलोक में बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा निदेशक, Care Education and Welfare Society से स्पष्टीकरण की माँग की गई। स्पष्टीकरण का जवाब स्पष्ट नहीं होने के कारण मामले की जाँच संबंधित जिले के श्रम अधीक्षक एवं जिला कौशल प्रबंधक से कराया गया। तत्संबंधी प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है। जाँच प्रतिवेदन के अनुसार स्थिति निम्नवत् है:–

जॉच के दौरान यह स्पष्ट रूप से विदित हुआ कि Care Education and Welfare Society को बुलाए जाने के वाबजूद वे उपस्थित नहीं हुए। साथ ही फ्रेंचाइजी संबंधी एग्रीमेंट पाया गया। उक्त एग्रीमेंट में 30:70% की हिस्सेदारी तय की गयी है। दोनों प्रखंड कौशल विकास केन्द्र प्रखंड–गोपालपुर KYP01010027, एवं प्रखंड– नाथनगर KYP01010028 का इंटरनेट एवं बिजली बिल का भुगतान त्रिपुरारी सिंह के नाम से ही है। साक्ष्य के तौर पर त्रिपुरारी सिंह द्वारा जमा की गई बैंक विवरणी में Care Education and Welfare Society द्वारा TNV Institute of Higher Education(SDM Foundation Trust), श्री त्रिपुरारी सिंह एवं उनके परिवार के निजी बचत खातो पर भुगतान की गई है। जाँच दल द्वारा अपने प्रतिवेदन में केन्द्र के Franchisee Mode में संचालित होने का तथ्य अंकित किया गया है।

त्रिपुरारी सिंह द्वारा समर्पित आवेदन, निदेशक, Care Education and Welfare Society से प्राप्त स्पष्टीकरण तथा विभागीय जॉच प्रतिवेदन से यह परिलक्षित होता है कि दोनों प्रखंड कौशल विकास केन्द्र प्रखंड–गोपालपुर KYP01010027, एवं प्रखंड– नाथनगर KYP01010028 का संचालन Care Education and Welfare Society के द्वारा सीधे तौर पर नहीं किया जा रहा है। अपितु इसका संचालन त्रिपुरारी सिंह के द्वारा Franchisee Mode में किया जा रहा है। Franchisee Mode में केन्द्र के संचालन से अनावश्यक रूप से केन्द्र को प्राप्त होने वाले राजस्व का बँटवारा होता है, जिससे केन्द्र में प्रशिक्षण की गुणवत्ता प्रभावित होती है। Care Education and Welfare Society के द्वारा विचौलिया की भूमिका निभाई जा रही है, जो कार्यक्रम की गुणवत्ता के लिये हानिकारक है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में दोनों प्रखंड कौशल विकास केन्द्र प्रखंड–गोपालपुर KYP01010027, एवं प्रखंड– नाथनगर KYP01010028 का स्वामित्व उसके वास्तविक संचालनकर्त्ता त्रिपुरारी सिंह, पिता–श्री लक्ष्मी चौधरी प्रतिनिधि TNV Institute of Higher Education(SDM Foundation Trust) के नाम पर परिवर्तित किया जाता है। त्रिपुरारी सिंह, पिता–श्री लक्ष्मी चौधरी प्रतिनिधि TNV Institute of Higher Education(SDM Foundation Trust) को आदेश दिया जाता है कि वे आदेश प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर पोर्टल पर परिवर्तित किये जाने वाले सूचना यथा–

संस्था का निबंधन कागजात, Centre Name, Owner's Name, Pan Detail of Owner, Bank Account of Owner, Email Id & Mobile No. of Owener की विवरणी तथा मो0 50हजार रूपये राशि की बैंक गारंटी/डिमांड ड्राफ्ट प्रति केन्द्र हिसाब से Performance Gurantee बिहार कौशल विकास मिशन में जमा करना सुनिश्चित करें, ताकि बिहार कौशल विकास मिशन के पोर्टल पर तदनुकूल संशोधन/परिवर्तन किया जा सके।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/- 26.10.22

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन

ज्ञापांक–BSDM/SDM-29-2022 (खण्ड–1)– 1224 पटना, दिनांक– 26-10-22

प्रतिलिपि– Care Education and Welfare Society को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. त्रिपुरारी सिंह, पिता–श्री लक्ष्मी चौधरी प्रतिनिधि TNV Institute of Higher Education(SDM Foundation Trust) रोड न0–14 हाउस न0–24 इन्द्रपुरी केसरीनगर पटना जिला–पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. जिला नियोजन पदाधिकारी, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. Project Director, MKCL/Project Director, E&Y को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
6. मिशन प्रबंधक (वित एवं लेखा)/मिशन प्रबंधक (कार्यकम कियान्वयन)/मिशन प्रबंधक (समन्वय)/SPMU Inchrge, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
7. जिला कौशल प्रबंधक, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/- 26.10.22

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन